न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते

राजकीय महाविद्यालय पझौता
सिरमौर (हि०प्र०)

# राजकीय महाविद्यालय पझौता

## सिरमौर (हि. प्र.)

# शिरगुल धारा

2024-25










www.gcpajhota.ac.in

**Dr. Amarjeet K. Sharma**
*Director (Higher Education)*

**Directorate of Higher Education**
**Himachal Pradesh**
**Shimla - 171001**
Tel. : 0177-2656621 Fax : 0177-2811347
E-mail : dhe-sml-hp@gov.in



## MESSAGE

It is a matter of immense delight for me to know that your college is going to publish the college magazine .

College magazine is a very useful medium for young minds to express their bristling ideas and thoughts. It gives a chance to students, the budding writers, to get the attention of others through their creative and contemporary writings. It is an essential ingredient of college regular activities and documentation of such events. The true purpose of higher education is to open the horizons for the curious young minds and to refine and polish them in such a way that they become responsible citizens of our country.

I wish your college a great future and grand success to the college magazine. I also congratulate the Editor(s) of the magazine and wish everyone all the best in their ventures.

Jai Hind.

(Dr. Amarjeet K. Sharma)

## Message From The Principal

Dear Students



Our college magazine is like a living record of who we are today and what we hope to become tomorrow. It is not merely a collection of writings, drawings and photographs, but a reflection of the spirit and energy of our institution. When I turn its pages, I see the hard work of our students, the dedication of our teachers and the pride of our community all coming together. It fills me with great happiness to present the new issue of our college magazine *Shirgul Dhara.*

This edition beautifully showcases the intellectual curiosity, creative imagination, and cultural values of our students expressed through various sections of the magazine. The Hindi writings reveal sensitivity, freshness of ideas and a commendable grasp of expression. The English contributions highlight clarity of thought and a global perspective, while the Pahari section preserves and celebrates our regional identity, echoing the traditions and cultural wealth of our land. Together, these writings form a mosaic of creativity and thoughtfulness.

I take this opportunity to sincerely appreciate the efforts of the editorial team, faculty members, and student editors, who have worked with dedication to bring this magazine to fruition. Their collective commitment has given *Shirgul Dhara* a meaningful and structured form. I extend my heartfelt best wishes to all contributors and readers.

May *Shirgul Dhara* continue to flow like its name, carrying forward the spirit of learning, creativity and cultural pride!

**Dr. Shivani Sharma**
**Principal**

## संपादकीय



राजकीय महाविद्यालय, पझौता की वार्षिक पत्रिका शिरगुल धारा का नवीन अंक सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है । यह पत्रिका हमारे महाविद्यालय की सृजनात्मक ऊर्जा, बौद्धिक परंपरा और साहित्यिक सरोकारों का प्रतिबिंब है। इसमें संकलित सामग्री न केवल विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति का माध्यम है बल्कि हमारे समय के सामाजिक – सांस्कृतिक प्रश्नों से उनका संवाद भी है।

इस अंक में हिंदी और अंग्रेजी अनुभाग के अंतर्गत प्रस्तुत कविताएँ और निबंध संवेदनशीलता, ताजगी और मौलिक दृष्टिकोण से समृद्ध हैं। कुछ लेखों में भाषा की सहजता और कथ्य की स्पष्टता पाठकों को गहन रूप से प्रभावित करती है। यद्यपि कुछ स्थानों पर अभिव्यक्ति में परिष्कार की गुंजाइश शेष है, फिर भी विद्यार्थियों की साहित्यिक जिज्ञासा और रचनात्मकता प्रशंसनीय है।

हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की धड़कन पहाड़ी अनुभाग में स्पष्ट सुनाई देती है। लोकगीतों, संस्मरणों और कहावतों पर आधारित लेख हमारे क्षेत्रीय जीवन और लोकमानस की झलक प्रस्तुत करते हैं। इस खंड में भाषा की प्रांजलता और विषयों की आत्मीयता इसे पाठकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनाती है। इस अंक में क्रनिकल अनुभाग भी जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की वर्ष भर की गतिविधियों को क्रमानुसार प्रस्तुत किया गया है।

इस पत्रिका की सफलता में केवल विद्यार्थियों का ही नहीं, बल्कि हमारे सहकर्मियों और विद्यार्थी संपादकों का योगदान भी सराहनीय है। संकलन, संपादन और प्रूफरीडिंग जैसे दुरूह कार्यों को उन्होंने निष्ठा और परिश्रम से संपादित किया है। यह सहयोग शिरगुल धारा को एक सुसंगठित और गुणवत्तापूर्ण स्वरूप प्रदान करता है।

सबसे बढ़कर, महाविद्यालय की ओजस्विनी प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा का मार्गदर्शन और सतत सहयोग इस पूरी प्रक्रिया की आधारशिला रहा है। उनके प्रेरक नेतृत्व और सकारात्मक दृष्टिकोण ने हम सभी को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया है।

मुझे विश्वास है कि यह अंक न केवल पाठकों को आनंदित करेगा, बल्कि आगामी वार्षिक अंकों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

**डॉ. प्रकाश शर्मा**
**मुख्य संपादक**
**शिरगुल धारा**

# EDITORIAL BOARD

## TEACHER EDITORS



**Dr. Prakash Sharma**
Assistant Professor
Hindi Section



**Prof. Saurav Thakur**
Assistant Professor
English Section



**Prof. Vijyender Kanwar**
Assistant Professor
Pahari Section

## STUDENT EDITORS



**Anjali Bala**
(BA-3)
Hindi Section



**Rajni Thakur**
(BA-3)
English Section



**Kashish Thakur**
(BA-3)
Pahari Section

# Contents


| TITLE | PAGE NO. |
| --- | --- |
| English Section | 01-05 |
| Hindi Section | 06-15 |
| Pahadi Section | 16-19 |
| Chronicle Section | 20-24 |
| Photo Gallery | 25 onwards |




# English Section

## Life

Life is an opportunity, benefit from it
Life is beauty, admire it
Life is a dream, realize it
Life is a challenge, meet it
Life is a duty, complete it
Life is a game, play it
Life is a promise, fulfill it
Life is sorrow, overcome it
Life is a song, sing it
Life is a struggle, accept it
Life is a tragedy, confront it
Life is luck, make it

**Anjali Verma**,
BA 3rd year

## Trees

Tree are an important part of our environment as they are very important for both animals and human beings. In ancient times people worshipped trees, river and mountains as God and Avtars. People were not aware of scientific inventions discover in Modern are people believe in science and have become money minded. They do not bother about each other. Modern man has achieved great success in science and technology. But this success is doing a great damage to trees and plants from trees we get oxygen and carbon-dioxide is not possible. People of modern era do not care for Animals and nature they have left Agricultural work and trees being cut incessantly for factories without knowing the negative effects on nature. The modern man believes in scientific development as real development but he does not know that if is not true development so I exhort everyone to.

Save trees and save life

**Priya,**
BA 2nd year

## Time is Precious

To realize the value of one year
Ask a student who has not been promoted to the next class.
To realize the value of one month
Ask a mother who has given birth to a baby.
To realize a value of one day
Ask a daily wager
To realize the value of one minute
Ask a person who has missed the train.
So every day every second every minute is precious
Time is precious.

**Heena,**
BA 2nd year

## Don't judge a book by its cover

Don't judge a book its cover is a timeless adage that transcends its literal meaning. It reminds us that making snap judgement about people objects as situations based solely on their outward appearance can lead to misunderstandings and missed opportunities. In a world invented with superficial judgements and stereotype this saying carries profound significance.

At its care this phrase underscores the importance of leading beyond the surface. If urges us to delve deeper to seek a deeper understanding before forming opinions. When applied to people it encourages us to get to know individuals for who they truly are rather than making assumptions based on their appearance background or demeanor.

This principal is especially pertinent in a diverse and interconnected world where our ability to empathize and connect with other is vital.

In practical terms, not judging a book by its cover can open doors to unexpected friendships, collaborations, and opportunities for example, someone who appears reserved and introverted may passes a wealth of creativity and wisdom waiting to be shared conversely a flashy and outgoing person may have insecurities and struggler that aren't immediately evident. By withholding.

**Trisha Sharma.**
BA 1st year

## Success beyond the Bank Balance

In today's world, it often feels like everything revolves around financial success so much so that pursuing financial success even overshadows the value of art, knowledge and personal well-being not valued. We seen to have lost sight professors, and artists for their expertise and creativity instead one's worth is solely measured by their financial status. However, its important not to let social pressures dictate our self-worth. The size of your bank balance does not solely define success; it's about the passion and dedications you bring to your work or career.

Money is important, sure but so is your mental peace. We've reached a point where your social network is

more important than your bank balance it wont' be long before your mental well-being will be more valuable than your net worth. Trust me, regardless of financial success, it will find its way to you it success is meant for you.

Success is about creativity and innovation not just money. Remember, success is not just about the number in your bank account; it's about your impact and fulfillment in your journey. So, keep doing what you love, and success will follow, no matters how long it takes.

**Komal Attri,**
BA 3rd year

## Success and Spirituality

Someone who has a successful life must be able to set goals and accomplish those goals. There is a common denominator for a truly successful life. And it is to include wisdom that is the ability to have common sense and good judgement. Being able to have self knowledge and act according to what is in the best interest for our individuality and the people who surround us is wise the reason most of our leaders are old because they are wiser and have more knowledge they have lived longer liver and they have more experience which usually makes them have a better judgement success cannot be accomplished if one cannot take advice and learn from the mistakes of others. Another common denominator for true success is the ability to be in touch with our own spirituality. To be able to look at ourselves as small beings of a much bigger creation and know what our creator is something much bigger than us. Makes us take decisions that not only benefit ourselves but also the people that surround us. The only thing that separates human beings from the animals is the ability to believe in something that is beyond what we can see. Touch or small. This is the belief in a higher being who is the ruler and creator of everything. Faith in a higher being is what makes us respect each other and help each other lead a successful life.

**Priya,**
BA 2nd year

## Dreams

Start where you are
Use what you have
Do what you can….

What are dreams? Usually, dreams can be explained as stories and images that our mind created while we sleep. That can be entertaining, funny, romantics disturbing etc. but dreams are which don't let you sleep the whole night. Real dreams are those which we see with open eyes. Dreams are those for which we strive so that they become true in the course of times. We do everything possible and try to do impossible efforts and a lot of hard work so that our dreams come true.

A dream is a creative vision for your life in the future………..

The future belongs to those who believe in the beauty of dreams. We all have dreams, we all face hard times to make our dreams come true. We have sacrifice a lot to make our dreams come true. To fulfill the dreams one should try furthermore not only for once, if we fail we should never surrender to the difficulties that come in a way of our dreams. If your dreams don't scale you they are too small. Dream big, start small, but most of all start.

Never give up on what you really want to do. The person with big dreams is more powerful than one with all the facts………

Dreams only become true if a person looks into his heart. Dare to live the life you have dreamt for yourself. Don't even let someone tell you that your can't do something. When people can't do something they are going to underrate you. You want something go and get it, and prove yourself to the world know who you are. No matter where you are, from where you are, just follow your dreams.

Dream more
Work more
Happiness is on the way…….

Komal Attri,
BA 3rd year



# Poems for College Magazine

**My Pajhota Valley**
In Pajhota's arms I love to rest,
With pine trees tall and nature dressed.
Cool breeze whispers through every lane,
After the rain, it smells like heaven again.
The fields are green, the rivers wide,
The hills stand strong, side by side.
Birds fly free in the morning sky,
Oh Pajhota, you make my heart fly.

**The Spirit of Sirmour**
Land of warriors, calm and bold,
With stories of courage often told.
From Nahan town to Churdhar's snow,
The heart of Sirmour continues to glow.
Temple bells and fairs so bright,
People here are warm and right.
Sirmour's soul is kind and true,
I feel proud it's part of me too.
Fields of maize and mountain air,
Peace and pride live everywhere.
In every path and every tree,
Lives the spirit that makes us free.

**Churdhar Trek**
I climbed the hill, step by step,
Breathing hard, taking each rep.
The clouds touched me from the sky,
I felt like I could almost fly.
Lord Shiva's temple stood so tall,
I forgot every worry and all.
The view from Churdhar was a dream,
Nature's song and silence in a team.

**A Day in My Village**
Morning light and rooster's song,
Fields where farmers walk along.
Cow bells ring, the firewood burns,
A simple life at every turn.
Children laugh and women sing,
Village joy in everything.
Though the world moves fast and wide,
In my village, peace does reside.

**The River Giri**
Giri flows with gentle sound,
Through valleys green and hilly ground.
It quenches thirst and helps us grow,
Her silver waves so calmly flow.
Children splash and women wash,
Near her banks with every swash.
She is a friend to one and all,
In summer heat or monsoon's call.
She sings at dawn, she roars at night,
A river full of life and light.
With every wave, she tells a tale,
Of Sirmour's heart in every trail.

**Local Fair in Pajhota**
Stalls of sweets and music loud,
Folk dance starts, cheers from the crowd.
Colourful dresses twirl and shine,
We all enjoy – your joy is mine.
Elders bless and kids all play,
Such is our local fair day.
Where traditions meet today's youth,
A time of joy, love, and truth.
Drums beat fast, the dancers spin,
Smiles and laughter fill the din.
Village pride is on full show,
In every song and step we know.
Spices rise and flowers spread,
With every hand and footstep tread.
This fair is more than just a day,
It brings our hearts in one warm way.

**Apple Tree at My Home**
In my courtyard, stands so free,
My childhood friend — the apple tree.
We played beneath its leafy shade,
Our secret games and huts we made.
Now I sit and read below,
Feeling peace in its slow flow.
It gives me fruit, it gives me rest,
This apple tree — I love it best.

**Girl from the Hills**
I'm a girl from mountain land,
With simple dreams and working hands.
I climb, I cook, I learn, I try,
I write my hopes beneath the sky.
I may not wear fancy shoes,
But I carry age-old mountain views.
With strength like roots in mountain soil,
My path is love, my step is toil.

### Nature Walk with Friends

Through the forest we all went,
Our hearts full and feet well bent.
Pine cones dropped and birds flew past,
We wanted this walk to forever last.
Laughter echoed, wind blew light,
We returned home at sunset's sight.
In these hills, life feels right,
Even on a silent night.

### Old Grandma's Tales

She sits near fire on winter days,
And shares the past in her sweet ways.
Of kings, and ghosts, and wedding songs,
Her voice is soft but memory strong.
Through her words, I travel far,
To times before electric car.
She is the book I never read,
A living story, word and deed.

### The Road Not Taken

Robert Frost's "The Road Not Taken" is a timeless and deeply meaningful poem, especially for UG students who stand at a crucial point in their academic and personal journeys. This stage of life is filled with decisions about career paths, interests, values, and identity. The poem beautifully captures the moment of standing before two diverging roads, symbolizing life's choices and reminds readers that every decision, whether big or small, shapes their future. For students who may feel uncertain or pressured to follow the most common route, Frost's message encourages confidence in choosing a path that aligns with one's own aspirations. The poem also teaches the importance of individuality and thoughtful decision-making. It reassures students that taking an unconventional or less travelled path is not something to fear, but rather a chance to grow, discover new possibilities, and create a unique life story. Including this poem in the college magazine is therefore highly relevant: it inspires reflection, motivates students to trust their instincts, and invites them to view challenges as opportunities. As UG students prepare to enter a world full of choices, "The Road Not Taken" serves as a powerful reminder that courage and self-belief can truly make "all the difference."

Saurabh Thakur, Asstt. Professor in English

### Shiva Worship Site: Sarva Pujarli

In the Jadoli–Taproli Gram Panchayat of the erstwhile princely estate of Bhoj Dhamla in Sirmaur district, on the slopes of the majestic Churdhar, lie the twin villages of Sarvi–Pujarli. In Pujarli stands a two-storeyed temple dedicated to Dudheshwar Mahadev. Built in the traditional hill architectural style, the temple features a sloping slate roof and a sturdy structure of wood and stone. The presiding deity, Lord Shiva, is revered locally as Dudheshwar.A short distance downhill from Pujarli, in a gorge-like valley, lies the village of Sarva. At the sacred confluence of the Pazhetu Khadd, flowing from the northern face of Churdhar, and the Rehat Khadd, originating from Banali, stands an ancient Shiva temple constructed in the Nagara style of temple architecture. Numerous finely carved stone sculptures lie scattered within and around the temple complex.Inside the sanctum (garbhagriha) of this shikhara-style temple are stone idols of Shiva–Parvati, Mahishasuramardini, and Vishnu. Judging by their artistic features and craftsmanship, these sculptures appear to date back to the 11th century and bear a striking resemblance to the sculptural traditions of the Pratihara period. Fragmented architectural elements found outside the temple—such as bhadramukha motifs, amalaka, and kalasha components—clearly reflect the defining characteristics of the Nagara (shikhara) style. The temple precinct also contains sculptures dating to the 16th, 18th, and 19th centuries, indicating continuous religious activity over several centuries.Geographical observations suggest that this island-like landform may once have been the cradle of an ancient settlement. The site conveys the impression of concealed subterranean stone architecture and holds significant archaeological promise. Excavations here could potentially reveal the remains of a long-forgotten civilization buried beneath the earth.Sarva is also home to a modern Hanuman temple. Altogether, the site presents an atmosphere reminiscent of a celestial abode.The numerous stone idols at the meeting point of the two streams evoke profound devotion and spiritual reverence.Sarva–Pujarli is accessible by a motorable road. From Giripul, near a place called Sanaura, the Rasoomandar Bhoj road diverges toward Sarva–Pujarli at Shalesh Kainchi.

Heena B.A. II

# Hindi Section

## जय ईश्वरी माँ धरेच

हजारों साल पहले ज्वाला जी में एक राजा के घर नौ कन्याओं ने अपनी भक्ति के कारण देवी स्थान प्राप्त किया। इनमें सबसे बड़ी ज्वाला जी में, दूसरी हाटकोटी में, बीच वाली ईश्वरी माँ धरेच में स्थापित हुई। एक देवी चिन्तपूर्णी, एक नैना देवी और उनके बाद की देवियाँ ज्वाला जी से नादौन तक स्थापित हुई। वहां से सब एकत्रित होकर ईश्वरी माँ के स्थान धरेच गये। वहां सबने अपना – अपना स्थान् ग्रहण किया। इन सबने माता जी के लिए दो मन्दिर बनवाए। यहां पर दशहरा का मेला भी लगाया जाता है। यह मेला दशहरा के दूसरे दिन एकादशी के दिन मनाया जाता है। मेले में हजारों लोग एकत्रित होते हैं। पूरे एक सप्ताह तक लोग वहां आकर तरह – तरह की मनोकामनाएं करते हैं। अनेक भक्त माता जी को झण्डे और छत्र अर्पण करते हैं। इस प्रकार माता धरेच की बहुत मान्यता है।

'तन गोरा मन सांवला बसे समुद्र के नीर
अचर खावे न पानी पीवे, एक नाम दो वीर।'

**अंजली बाला**
बी.ए. तृतीय वष

## मेरे पापा

यूँ तो ज़िन्दगी में बहुत से रिश्ते देखे हैं
पर पापा के सामने तो सभी फीके हैं
यूँ तो सब लोग कहकर मुकर जाते हैं
पापा तो वह हैं जो बिना कहे ही सब कर जाते हैं।
बाहर से सख्त और भीतर से नर्म होते हैं
पापा वो हैं जो बच्चों में फर्क नहीं करते हैं
सख्त सी आवाज में प्यार छुपाते हैं
वो न दिन देखते हैं न रात देखते हैं
हमारी इच्छा पूरी करने में अपनी इच्छा दबा देते हैं
सारा जहां है वो जिनकी उंगली थाम कर चलना सीखा
मेरे पापा हैं वो जिनको देखकर चलना सीखा
खुशियों से भरा हर पल होता है
जिन्दगी में सुनहरा हर पल होता है
कामयाबी बस उनको ही मिलती है
जिनके सिर पर पापा का हाथ होता है।
मेरे प्यारे पापा!

हीना, बीए,
द्वितीय वर्ष

## बेटी

जब – जब जन्म लेती है बेटी
खुशियां साथ लाती है बेटी।
ईश्वर की सौगात है बेटी
सुबह की पहली किरण है बेटी।
तारों की शीतल छाया है बेटी
आंगन की चिड़िया है बेटी।
त्याग और समर्पण सिखाती है बेटी
नये – नये रिश्ते बनाती है बेटी।
जिस घर जाए, उजाला लाती है बेटी
बार – बार याद आती है बेटी।
बेटी की कीमत उनसे पूछो
जिनके पास नहीं है बेटी।

अंजली,
बीए, तृतीय वर्ष

## जिंदगी

जब तक चलेगी जिंदगी की सांसें
कहीं प्यार कहीं टकराव मिलेगा।
कहीं बनेंगे संबंधा अंतर्मन से तो
कहीं आत्मीयता का अभाव मिलेगा।
कहीं मिलेगी जिंदगी में प्रशंसा तो
कहीं नाराजगियों का बहाव मिलेगा।
कहीं मिलेगी सच्चे मन से दुआ तो
कहीं भावनाओं में दुर्भाव मिलेगा।
कहीं बनेंगे पराए रिश्ते भी अपने तो
कहीं अपनों से ही खिंचाव मिलेगा।
तू चला चल राही अपने कर्म पथ पर
जैसा तेरा भाव वैसा प्रभाव मिलेगा।
रख स्वभाव में शु)ता का स्पर्श तू
अवश्य जिंदगी का पड़ाव मिलेगा।

काजल ठाकुर,
बीए, तृतीय वर्ष

## पहाड़ों से मुझे प्यार

पहाड़ों से मुझे प्यार क्या हैं?
मैंने देखा है वहाँ बादलों को ज़मीं पर आते हुए
बारिश की बूंदों को सीधाा मन में उतर जाते हुए
चीड़ के पेड़ों से छन कर आती हवा


और चारे धारे का पानी
हर एक मंदिर और रास्ते की
अपनी अलग एक कहानी।
किसी एक घर के कामों में
सारे गांव का इकट्ठा हो के शामिल हो जाना
साथ में हंसते – गाते
सबका खाना एक साथ बनाना।
पहाड़ से दूर रह कर भी
उस संस्कृति से दूर न रह पाना
पिछौड़े ओर नथ में
हर पहाड़ी दुल्हन का शान से मुस्कुराना
पहाड़ों का जगह न कह के
भावना कहें तो ठीक रहेगा शायद।

अंजली बाला,
बीए, तृतीय वर्ष

## पानी

पानी की हर बूंद निराली धारती पर फैलाए हरियाली
बर्बाद करो न इसे वरना हो जाएगा गागर का सागर खाली
बर्बाद करोगे तो होगी वह मानव के लिए गाली
तुम भी एक प्रण लो भरो न पानी से गंदी नाली
हमेशा बचाओ पानी
बचाने से ही होगी दुनिया में खुशहाली
नहीं बचाओ पानी तो होगी धारती राख की काली
बचाओ इसे यह है धारती का गहना
जैसे स्त्रियों के कान की बाली
यह सबसे कहना
पानी बचाने का प्रयास करते रहना
पानी की हर बूंद निराली
धारती पर फैलाए हरियाली।

प्रिया, बीए,
द्वितीय वर्ष




## पझौता का ऐतिहासिक क्षेत्र शाया – सनौरा

सिरमौर का पझौता क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौंदर्य व ऐतिहासिक दृष्टि से तो प्रसिद्ध है ही साथ ही साथ देवी – देवताओं के प्रति आस्थावान भी है। यह क्षेत्र सिरमौर जिले राजगढ़ तहसील से 45 किमी. की दूरी पर स्थित है। यहां बहुत से लोगों की देवी – देवताओं के प्रति आस्था से जुड़े छोटे – बड़े मन्दिर हैं जिसका अपना – अपना एक इतिहास है हर मन्दिर के प्रति वहां के स्थानीय लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। अधिकतर मन्दिर पहाड़ी शैली में ही बनाए गए हैं। ऐसी ही कला के साक्ष्य तेरहवीं सदी में बने मन्दिर पाण्डवों द्वारा निर्मित शाया सनौरा में शाया गांव में मिले हैं। पझैतू नदी के समीप बसा प्रकृति की गोद में शाया गांव अपने इतिहास व देवताओं के प्रति श्रद्धा के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर पाण्डवों द्वारा मन्दिर का निर्माण किया गया है जो आज से लगभग 13वीं सदी पहले किया गया था। जब पाण्डव अपनी यात्रा के दौरान यहां आये थे कुछ समय तक वह यहां ठहरे थे तब उन्होंने पत्थर की शिला पर इस मन्दिर को तरास कर इसका निर्माण किया इसमें छोटी बड़ी मूर्तियां दोनों शामिल हैं। जिसमें से कई मूर्तियां अष्ट धातु की बनी हैं। ये मूर्तियां पत्थर को काटकर बनाई गई हैं। इसमें चौदह – पन्द्रह मूर्तियां शामिल हैं। वे इसके दरवाजे पर भी नक्काशी कर चित्र उकेरे हुए हैं। बाहर भी गाय व उसके बछड़े, मध्य में सूर्य देवता व किनारे पर दो घोड़ों के चित्र उकेरे हुए हैं। इस मन्दिर के पत्थर पर भी देवी – देवताओं की पूजा की साक्ष्य मिले हैं। गर्भ गृह में पाण्डवों द्वारा माता शक्ति देवी, गणेश, राम – लक्ष्मण, अनेक छोटी बड़ी मूर्तियां स्थापित की गई हैं। पत्थर से बनी एक बड़ी ज्योत भी स्थित है। लोग यहां पूजा करने आया करते हैं। यह मन्दिर ज्यादातर बंद ही पड़ा रहता है। साल में दो तीन बार इसका गर्भगृह खोला जाता है।

यहां पर पहाड़ी शैली में निर्मित काली माता का मन्दिर है जो बहुत प्राचीन है। जो पत्थर से बनाया गया है। जिसका गर्भ गृह बहुत ऊंचाई पर स्थित है। कहा जाता है कि यह नगरकोट (कांगड़ा) में स्थित माता का अंश है। नगरकोटी माता के नाम से इसे पूजा जाता है। यहां पर पाण्डवों द्वारा निर्मित मन्दिर है। कुछ समय बाद पाण्डव यहां से दूसरे क्षेत्र में चले गये थे। वहां भी उन्होंने मन्दिर का निर्माण किया है। इस पत्थर को काटकर बनाए गए मन्दिर को देखकर प्रतीत होता है कि पाण्डवों ने अपनी यात्रा के दौरान अपने ठहरने के साक्ष्य कला शैली के माध्यम से रखे । उनकी देवी – देवताओं के प्रति आस्था का पता चलता है व उस समय भी हस्तकला कितनी विकसित रही होगी, इसके साक्ष्य देखे जा सकते हैं। कला व संस्कृति का महत्व उस दौरान भी इतना रहा

होगा। यह कला संस्कृति हमें हमारे पूर्वजों द्वारा दी गई सम्पत्ति है। हम अपनी परम्पराओं व संस्कृति को सहेज कर रखें व इनका संरक्षण करें यह हमारे लिए बेहतर होगा विकास की दुनिया में इतना न खो जाएं कि अपने अस्तित्व को ही भूल जाएं पूर्वजों ने यह सम्पत्ति आज तक हम लोगों तक जीवित रखी है। हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि हम भी इस सम्पत्ति को सहेज कर रखें और अपनी संस्कृति को बचाने में मदद करें।

प्रिया
बीए प्रथम वर्ष

## नारी

भगवान का दूजा रूप है नारी
है सभी इसके आभारी
जिसने हमको जन्म दिया
हम पर बड़ा उपकार किया
संवारा जिसने देश हमारा
वही रूप नारी का प्यारा।
किया जिसने दुश्मनों को पानी–पानी
वो थी फिर झांसी की रानी।
कल्पना था उसका नाम
बढ़ाया जिसने देश का नाम।
युगों–युगों की गाथाएं नारी को महान बताए
होती नहीं अगर दुनिया में नारी
चलती कैसे दुनिया सारी
फिर क्यों दुनिया में नारी को मान नहीं मिल पाता है
उसे दुनिया में जाने क्यों तुच्छ समझा जाता है।

प्रिया, बीए,
द्वितीय वर्ष

## जिन्दगी

हर पल मुस्कुराओ बड़ी खास है जिन्दगी
क्या सुख क्या दुख बड़ी आस है जिन्दगी
न शिकायत करो न कभी उदास हो
जिंदादिली से जीने का अहसास है जिन्दगी
जिन्दगी बेहतर तब होती है
जब आप खुश होते हैं।
लेकिन जिन्दगी बेहतरीन तब होती है
जब आपकी वजह से लोग खुश होते हैं।
अजीब तरह के लोग हैं इस दुनिया में
अगरबत्ती भगवान के लिए खरीदते हैं
और खुशबू खुद की पसंद की तय करते हैं।
सुबह की कीमत अखबार से पूछो
जो सुबह चाय के साथ होता है
और वही रात को रद्दी हो जाता है।
जिन्दगी में जो भी हासिल करना है समय पर करो
क्योंकि जिन्दगी मौके कम और अफसोस ज्यादा देती है।

हिना, बीए,
द्वितीय वर्ष

## पझैतू खड्ड का उद्गम

प्रकृति की गोद में अनेकों जीव–जन्तु क्रीडा करते दिखाई पड़ते हैं। प्रकृति खुद में अनेकों वनस्पतियों, नदी, नाले, तालाब, झरने समेटे हुए है। प्रकृति शान्ति सुख है वो बाजारों की वस्तुओं में कहां है। प्रकृति सबका मन मोह लेती है। कल–कल करते झरने न जाने लगता है कोई धुन बना कर सुना रहे हो, घने जंगलों में देवदार, बुरांश, चीड़ बान सबकी सुन्दरता चार–चार चांद लगा देते हैं। ऐसा ही एक पझैतू खड्ड भी सेलानियों का हृदय मोह लेता है। यह खड्ड अपना रास्ता चूड़धार की बर्फ की चोटियों से तय करता हुआ बेहरोग नामक स्थान से होते हुए ठण्डीदार में शुरू होता है। इसके दोनों तरफ बहुत से गांव पड़ते हैं, जिसमें ठण्डीधार, सर्वा, मानवा, धामला होते हुए शाया–सनोरा से आगे बढ़ते हुए रोहडी, कोटला बांगी से श्लेच से आगे निकलकर गिरी नदी में जा मिलती है। इससे वो आर्थिक आय भी कमाते हैं। लोग इस खड्ड के पानी को मछली उत्पादन व फसलों की सिचाई में प्रयोग करते हैं। इसकी स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी बनती है।

आंचल ठाकुर
बीए प्रथम वर्ष

## डरावना पर्व डगयाली (डगैली)

हिमाचल प्रदेश को पूरी दुनिया में देवभूमि के नाम से जाना जाता है। प्रदेश में अनेक ऐसी परम्पराएं, रीति–रिवाज, प्रथा व त्यौहार हैं, जिन्हें पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है। जिसमें से एक त्यौहार डगयाली भी है। यह त्यौहार सोलन, शिमला, सिरमौर व कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्रें में मनाया जाता है। डगयाली शब्द ह्डागह्व शब्द से लिया गया है, जिसका हिमाचली भाषा में अर्थ है चुड़ेल। और डगयाली का अर्थ है चुड़ेलों का दिन। हिमाचल के लोगों के अनुसार यह बताया

जाता है कि बहुत सालों पहले जब देवभूमि में देवताओं की कृपा से भूत–प्रेत व चुड़ेलों का रहना नर्क हो गया था, तो यह सभी अपने इष्ट देव शिवजी के पास गए और उनसे न्याय करने को कहा। तब भोलेनाथ ने इन्हें दो दिन दिए और कहा कि इन दो दिनों देवभूमि में तुम्हारा राज होगा। तब से लेकर आज तक जन्माष्टमी के पाँच दिन बाद द्धभाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की त्र्योदशी व चौदशी के दिनत्र्ञ यह त्यौहार मनाया जाता है। लेकिन कई जगहों पर यह जन्माष्टमी के दस दिन बाद मनाया जाता है। डगयाली दो दिन मनाई जाती है। पहले दिन छोटी डगयाली और दूसरे दिन बड़ी डगयाली मनाई जाती है। पहला दिन भूतों का होता है और दूसरा चुड़ैलों का। डगयाली के पहले दिन लोग अपने बचाव के लिए अपने घर के चारों तरफ अपने कुल देवता के चावल रखते हैं और घर के दरवाजे पर भैखल या तिम्बर की छोटी–छोटी टहनियां लगाते हैं। कई जगहों पर खीरे द्धककड़ीत्र्ञ की बली भी दी जाती है। यह सब डगयाली की रात को आने वाली चुड़ैलों से उनका बचाव करती है। डगयाली की दूसरी रात को घर की चौखट पर अरबी के पत्तों से बने व्यंजन पतीड़ द्धधींधाड़ेत्र्ञ को कटा जाता है। डगयाली के इन दोनों दिनों की रात को कोई भी व्यक्ति अपने घर से बाहर नहीं निकलता है। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन डागे द्धचुड़ैलेत्र्ञ खुला आवागमन व नृत्य करती है। लोगों का मानना है कि इस नृत्य द्धडगयाली नृत्यत्र्ञ को कोई आम इंसान नहीं देख सकता है। इसे केवल तांत्रि ही देख सकते हैं। डगयाली के दिन डायनों अथवा डागों को खुली छूट होती है कि वे किसी भी इंसान व पशु इत्यादि को अपना शिकार बना सकती हैं। इन डायनों की जीभ व बाल लंबे–लंबे होते हैं, जिनसे यह लोगों को अपना शिकार बनाती हैं। यह त्यौहार सोलन, शिमला, सिरमौर व कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्रें में सैकड़ों वर्षों से पूरी आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इन क्षेत्रें को छोड़कर यह विश्व में कहीं पर भी नहीं मनाया जाता है।

नीरज, बीए,
द्वितीय वर्ष

## अंतिम यात्रा

थी मैं नींद में और मुझे
इतना सजाया जा रहा था
बड़े प्यार से मुझे नहलाया
जा रहा था।
ना जाने था वो कौन सा
अजब खेल मेरे घर में
बच्चों की तरह मुझे कंधो पर
उठाया जा रहा था।
था पास मेरा हर अपना उस वक्त
फिर भी मैं हर किसी के मन से भुलाई जा रही थी
जो कभी देखते भी न थे मोहब्बत की निगाहों से
उनके दिल से भी प्यार मुझ पर लुटाया जा रहा था।
मालूम नहीं क्यों हैरान था हर कोई मुझे सोते देख कर
जोर–जोर से रोकर मुझे जगाया जा रहा था।
कांप उठी मेरी रूह वो मंजर देख कर
जहां मुझे हमेशा के लिए सुलाया जा रहा था।
मोहब्बत की इन्तहा थी जिन दिलों में मेरे लिए
उन्हीं दिलों के हाथों आज मुझे जलाया जा रहा था
इस दुनिया में कोई किसी का हमदर्द नहीं होता
लाश को श्मशान में रखकर अपने ही लोग पूछते हैं और
कितना वक्त लगेगा।

आंचल, बीए,
प्रथम वर्ष

## पझौता घाटीः संस्कृति और शौर्य की भूमि (विस्तारित संस्करण)

पझौता घाटी हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। यह घाटी न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके लोगों के साहस और देशभक्ति के लिए भी जानी जाती है। 1948 में जब भारत में रियासतों का विलय हो रहा था, तब पझौता क्षेत्र के लोगों ने राजा के विरुद्ध विद्रोह किया था। इसे पझौता आंदोलन के नाम से जाना जाता है। यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण लेकिन कम चर्चित अध्याय है।

पझौता की वादियाँ हरियाली से भरी हुई हैं। यहाँ के ऊँचे–ऊँचे देवदार के जंगल, कल–कल बहती छोटी नदियाँ, और शुद्ध वायु हर आगंतुक को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। यहाँ की ग्रामीण संस्कृति में आज भी लोक गीत, नाटियाँ, और पारंपरिक वेशभूषा का विशेष स्थान है। महिलाएँ ऊन से स्वेटर और टोपी बनाती हैं तथा गाँवों में मेलों के समय सभी लोग पारंपरिक पोशाकों में सज–धजकर भाग लेते हैं।

यहाँ के लोग बेहद मेहनती और सादगीप्रिय होते हैं। अधिकतर परिवार कृषि पर निर्भर हैं और जीवन की हर छोटी चीज को भी श्रद्धा से अपनाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी अब पझौता प्रगति कर रहा है। गाँवों में स्कूल और महाविद्यालय के माध्यम से युवा पीढ़ी अब आगे बढ़ रही है। पझौता घाटी, जहाँ इतिहास और प्रकृति दोनों साथ–साथ

चलते हैं, हिमाचल की आत्मा का एक सुंदर प्रतिबिंब है।

काजल ठाकुर
बीए तृतीय वर्ष

## सिरमौर का लोक जीवन और परंपराएं


सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश का एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है, जहाँ का विशेष रूप से विविधतापूर्ण और आकर्षक लोक–जीवन है। यहाँ के लोग अपनी परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं, और यही परंपराएं उन्हें एकजुट रखती हैं।

सिरमौर की बोलियाँ जैसे सिरमौरी और जौनसारी यहाँ की सांस्कृतिक पहचान हैं। इन भाषाओं में जो मिठास और अपनापन है, वह सुनने वाले को तुरंत ही अपनी ओर खींच लेता है। विवाह, जन्म, त्योहार और मेलों में गाए जाने वाले पारंपरिक गीतों से लोकसंस्कृति जीवित रहती है। शादी–ब्याह की रस्में, गीत, और नृत्य जैसे नाटी यहाँ की विशेषता हैं।

यहाँ के मेलों में लोग पारंपरिक परिधानों में सज–धजकर भाग लेते हैं। स्त्रियाँ घाघरा–चोली और सिर पर रंग–बिरंगे स्कार्फ पहनती हैं, जबकि पुरुष चूड़ीदार पायजामा और बुशहरी टोपी पहनते हैं। ऐसे मेलों में पारंपरिक खेल, गायन–वादन, लोकनाटक, और हस्तशिल्प प्रदर्शन होते हैं। धार्मिक आस्था भी यहाँ के जीवन का अभिन्न अंग है। ग्राम देवता हर गाँव के संरक्षक माने जाते हैं और देव यात्राएँ बड़े धुमधाम से आयोजित की जाती हैं। लोग अपने देवता की पालकी उठाकर गाँव–गाँव ले जाते हैं और भजन–कीर्तन करते हुए वातावरण को पवित्र बना देते हैं।

आज भी, जब आधुनिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, सिरमौर के लोग अपनी सांस्कृतिक जड़ों को थामे हुए हैं। यहाँ का लोक जीवन न केवल अतीत से जुड़ा हुआ है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी प्रेरणा देता है।

साक्षी पंवर
बीए तृतीय वर्ष




## चूड़धार की यात्रा आस्था और रोमांच का संगम

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले की सबसे ऊँची चोटी चूड़धार, समुद्र तल से लगभग 12,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित है। यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए भी एक रोमांचकारी स्थल है। इसे स्थानीय लोग चूड़शिखर भी कहते हैं और यह भगवान शिव को समर्पित एक अत्यंत पवित्र स्थान माना जाता है।

चूड़धार की यात्रा किसी भी व्यक्ति के लिए एक आत्मिक अनुभव होता है। वहाँ तक पहुँचने के दो प्रमुख मार्ग हैं – एक नोहराधार से और दूसरा हरिपुरधार की ओर से। दोनों रास्ते घने जंगलों, बर्फीली पगडंडियों और सुंदर घाटियों से होकर गुजरते हैं। रास्ते में देवदार, बुरांश और काफल के पेड़ यात्रा को और भी सुंदर बना देते हैं। ट्रेकिंग करते समय पक्षियों की चहचहाहट और हवा की सरसराहट यात्रियों को प्रकृति से गहरा जुड़ाव महसूस कराती है।

चोटी पर स्थित चूड़ेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। मंदिर के आसपास बर्फ जमी रहती है और वहाँ से हिमालय की चोटियाँ साफ दिखवाई देती हैं। जब भक्त मंदिर में पूजा करते हैं, तो उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है।

चूड़धार केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जैविक विविधता के लिए भी जाना जाता है। यहाँ कई दुर्लभ वनस्पतियाँ और जड़ी–बूटियाँ पाई जाती हैं। साथ ही, यह क्षेत्र वन्यजीवों जैसे मोनाल, भालू और तेंदुए का भी आवास है।

जो भी व्यक्ति चूड़धार की यात्रा करता है, वह वहाँ की सुंदरता, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से अवश्य प्रभावित होता है। यह स्थान हर उस व्यक्ति के लिए है, जो प्रकृति, आस्था और साहसिकता को एक साथ जीना चाहता है।

अंजली वर्मा
बीए तृतीय वर्ष

## ग्रामीण हिमाचल सादगी और आत्मनिर्भरता की मिसाल

हिमाचल प्रदेश के गाँवों में आज भी सादगी और आत्मनिर्भरता का अद्‌भुत संगम देखने को मिलता है। जहाँ एक ओर शहरी जीवन भागदौड़ और भौतिक सुख–सुविधाओं पर आधारित होता जा रहा है, वहीं ग्रामीण हिमाचल में जीवन शांति, श्रम और संतोष पर आधारित है। यहाँ के अधिकतर लोग —

कृषि, बागवानी, पशुपालन और पारंपरिक कुटीर उद्योगों में संलग्न हैं। गेहूँ, मक्की, जौ, और सरसों जैसे फसलें उगाई जाती हैं। कुछ क्षेत्रों में सेब, आडू, और खुमानी की बागवानी भी की जाती है, जिससे लोगों की आमदनी होती है। महिलाएँ ऊन से स्वेटर, टोपी और कालीन बुनती हैं, जो बाजार में बेचे जाते हैं। इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है।

गाँवों में सामूहिक जीवन का भी विशेष महत्त्व है। सभी पर्व–त्योहार मिल–जुलकर मनाए जाते हैं। एक दूसरे की मदद करना, बीमार पड़ने पर साथ देना, और खेतों में सामूहिक श्रम जैसे गुण ग्रामीण समाज की आत्मा हैं।

शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ भी धीरे–धीरे गाँवों तक पहुँच रही हैं। अब बच्चे स्कूल जा रहे हैं और युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कई गाँवों में आज भी सौर ऊर्जा और जल स्रोतों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण किया जाता है।

ग्रामीण हिमाचल यह सिखाता है कि कम संसाधनों में भी खुशहाल जीवन जिया जा सकता है। यहाँ की सादगी, आत्मनिर्भरता और प्रकृति के साथ सामंजस्य आधुनिक समाज के लिए एक प्रेरणा है।

कशिश ठकुर
बीए तृतीय वर्ष

## हिमाचली मेले और उत्सवः संस्कृति की झलक

हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का सबसे सुंदर और जीवंत रूप इसके पारंपरिक मेले और उत्सवों में देखने को मिलता है। सिरमौर जिले सहित पूरे हिमाचल में साल भर अलग–अलग स्थानों पर भव्य मेलों का आयोजन होता है, जो न केवल धार्मिक महत्त्व रखते हैं बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक भी हैं।

सिरमौर का प्रसि) रेणुका मेला, शिलाई का त्रियूण मेला, राजगढ़ का बिशू मेला, और पांवटा साहिब का दशहरा मेला लोगों की श्रदा और उत्साह का प्रतीक हैं। इन मेलों में दूर–दूर से लोग आते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में सज–धजकर भाग लेते हैं। यहाँ विभिन्न लोकनृत्य जैसे नाटी, ठोडा और रासो प्रस्तुत किए जाते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

मेलों में पारंपरिक हस्तशिल्प, लकड़ी की कलाकृतियाँ, ऊनी वस्त्र, और घरेलू सामग्री की बिक्री भी होती है। ये मेले स्थानीय कारीगरों और किसानों के लिए कमाई का एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। इसके अलावा ग्रामीण खेल, संगीत प्रतियोगिताएँ और लोकगीत गायन जैसी गतिविधियाँ भी इन आयोजनों को जीवंत बनाती हैं।

इन मेलों का एक धार्मिक पक्ष भी होता है। मेलों की शुरुआत अक्सर मंदिरों में पूजा–पाठ और देव पालकियों की शोभायात्रा से होती है। स्थानीय देवता की कृपा के लिए लोग व्रत रखते हैं और भंडारे में भाग लेते हैं।

आज के समय में, जब आधुनिकता और पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव बढ़ रहा है, हिमाचली मेले हमारे पारंपरिक मूल्यों और सांस्कृतिक जड़ों को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। ये उत्सव नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का सेतु बनते जा रहे हैं।

कशिश ठाकुर
बीए तृतीय वर्ष

## हिमाचल का युवा और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

हिमाचल प्रदेश, जहाँ की वादियाँ हरी–भरी हैं और नदियाँ कल–कल करती बहती हैं, वहाँ की प्रकृति सदियों से लोगों की जीवनशैली का हिस्सा रही है। लेकिन बदलते समय में पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं  पेड़ों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, और जलस्रोतों का क्षरण जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में हिमाचल का युवा वर्ग एक नई आशा की किरण बनकर उभरा है।

आज का छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने परिवेश की स्थिति को भी समझता है। विभिन्न कालेजों और स्कूलों में अब पर्यावरण क्लब, एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना), और इको–क्लब जैसे मंचों के माध्यम से छात्र पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

पेड़ लगाना, जल स्रोतों की सफाई करना, प्लास्टिक के उपयोग को रोकना और जैविक खेती को बढ़ावा देना जैसे कार्यो में युवा अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। एक पौधा माँ के नाम, प्लास्टिक मुक्त गाँव, और हरियाली सप्ताह जैसे अभियानों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलती है।

पझौटा क्षेत्र और सिरमौर के अन्य गाँवों में भी युवा अपनी पारंपरिक जानकारी और आधुनिक दृष्टिकोण को मिलाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। वे गाँव–गाँव जाकर लोगों को जैविक खाद, जल संरक्षण, और हरियाली के महत्व को समझाते हैं।

हिमाचल का युवा अब केवल अपने करियर की सोच में नहीं उलझा है, बल्कि वह अपने जंगल, नदियों और पहाड़ों की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय है। यही चेतना आने वाले समय में हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता को सुरक्षित रखने में सहायक सि) होगी।

मजू कुमारी
बीए तृतीय वर्ष

## हिमाचल की महिलाए परंपरा, परिश्रम और प्रगति

हिमाचल प्रदेश की महिलाएँ सच्चे अर्थों में परिश्रम, सादगी और आत्मसम्मान की प्रतिमूर्ति हैं। पहाड़ों में जीवन आसान नहीं होता, लेकिन यहाँ की महिलाएँ अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर कठिनाई को मुस्कान के साथ पार कर जाती हैं। वे न केवल घर की देखभाल करती हैं, बल्कि खेतों, पशुपालन, और अन्य सामाजिक कार्यों में भी बराबर की भागीदार होती हैं।

परंपरागत रूप से महिलाएँ ऊन कातना, स्वेटर बुनना, और पारंपरिक व्यंजन बनाना जैसे कार्यों में निपुण होती हैं। गाँवों में आज भी महिलाएँ सुबह चार बजे उठकर चूल्हे में आग जलाती हैं, गाय–भैंस का दूध निकालती हैं और बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी करती हैं। खेतों में काम करना, लकड़ी और चारा लाना, और त्योहारों पर पारंपरिक पोशाक पहनकर लोकनृत्य करना, इन सब में वे बहुत सक्रिय रहती हैं।

लेकिन अब हिमाचल की महिलाएँ परंपरा के साथ–साथ प्रगति की राह पर भी तेजी से बढ़ रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियाँ पीछे नहीं हैं। गाँवों से निकलकर वे आज उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले रही हैं और सरकारी एवं निजी क्षेत्रें में कार्यरत हो रही हैं। स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) के माध्यम से वे छोटे व्यवसाय भी चला रही हैं।

पझौता और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में महिलाएँ अब सामाजिक मुद्दों पर भी अपनी आवाज उठाने लगी हैं। स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, और पर्यावरण संरक्षण में भी इनकी भागीदारी उल्लेखनीय है।

हिमाचल की महिलाएँ, जो कल तक केवल घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, आज समाज में एक सशक्त भूमिका निभा रही हैं। वे नारी शक्ति का जीता–जागता उदाहरण हैं।

नितिका कश्यप
बीए तृतीय वर्ष

## सिरमौर की शिक्षा यात्रा: गाँवों से विश्व तक

सिरमौर जिला, जो कभी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था, आज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। गाँव–गाँव में स्कूलों का खुलना, उच्च शिक्षा के लिए कॉलेजों की स्थापना और छात्रों की बढ़ती जागरूकता ने इस क्षेत्र को शिक्षा के नए मार्ग पर ले जाने का कार्य किया है।

पहले जहाँ बच्चे प्राथमिक शिक्षा के बाद स्कूल छोड़ देते थे, आज वहीं बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले रहे हैं, इंजीनियरिंग, मेडिकल और प्रशासनिक सेवाओं में अपना स्थान बना रहे हैं। सिरमौर में नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई और राजगढ़ जैसे क्षत्रों में अब सरकारी और निजी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं।

पझौता घाटी में भी छात्रों का रुझान शिक्षा की ओर लगातार बढ़ रहा है। यहाँ के छात्र अब न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहरा रहे हैं। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं की सुविधा अब धीरे–धीरे ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँच रही है।

महाविद्यालयों में विशेष व्याख्यान श्रृंखला, प्रतियोगिताएँ, एनएसएस शिविर और अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो रही हैं। छात्राओं की भागीदारी भी शिक्षा में बढ़ रही है, जो सामाजिक परिवर्तन की ओर इशारा करती है।

शिक्षा के क्षेत्र में यह परिवर्तन केवल सरकारी प्रयासों से नहीं आया है, बल्कि शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लग्न और अभिभावकों की जागरूकता ने मिलकर इसे संभव बनाया है। आने वाले समय में सिरमौर जिला शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की एक अग्रणी पहचान बन सकता है।

नितिका कश्यप
बीए तृतीय वर्ष

## सिरमौर की लोककला और हस्तशिल्प मिट्टी, रंग और रचनात्मकता का मेल

सिरमौर जिला न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधाता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहाँ की पारंपरिक लोककला और हस्तशिल्प भी इस क्षेत्र की पहचान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कला केवल शौक नहीं, बल्कि जीवनशैली का एक अभिन्न हिस्सा है। यह कला पीढ़ियों से पीढ़ियों तक हस्तांतरित होती आ रही है और आज भी लोगों

के हाथों में जीवंत है।
यहाँ की महिलाएँ ऊन से स्वेटर, टोपी, मोजे और शाल बुनती हैं। यह न केवल सर्दियों के लिए उपयोगी होते हैं, बल्कि बिक्री के लिए भी बनाए जाते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है। मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी, और पारंपरिक फर्नीचर निर्माण भी यहाँ की खासियत है।
सिरमौरी लोक चित्रकला में प्रकृति, देवी–देवताओं, और लोक जीवन की झलक मिलती है। दीवारों पर रंगीन आकृतियाँ बनाना एक प्राचीन परंपरा रही है, जो अब भी त्योहारों और विवाह अवसरों पर निभाई जाती है। बाँस से बनी टोकरियाँ और छाजन भी गाँवों में आज भी उपयोग में लाए जाते हैं।
मेले और स्थानीय बाजार इन कलाओं को प्रदर्शित करने का प्रमुख मंच होते हैं। कई स्वयं सहायता समूह और महिला मंडल भी इन कलाओं को जीवित रखने और बाजार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।
आज के युग में जहाँ मशीनें सब कुछ बना रही हैं, वहाँ सिरमौर की लोककला यह सिखाती है कि हाथों की मेहनत और दिल की भावनाओं से बनी वस्तुएँ अधिक मूल्यवान होती हैं। यह कला न केवल रोजगार का साधन है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम भी है।

## हिमाचली खानपान स्वाद, परंपरा और सेहत का संगम

हिमाचल प्रदेश की संस्कृति जितनी रंग–बिरंगी है, यहाँ का खानपान भी उतना ही विविधतापूर्ण और स्वास्थ्यवर्धक है। सिरमौर जिले सहित पझौटा क्षेत्र के गाँवों में आज भी पारंपरिक व्यंजन बहुत श्रद्धा और प्रेम से बनाए जाते हैं। यहाँ के खाने में पहाड़ी स्वाद, लोक परंपरा और प्राकृतिक सामग्री का अनोखा मेल देखने को मिलता है।
धान, गेहूं, मक्की और मंडुवा जैसे अनाजों का प्रमुख रूप से उपयोग होता है। दालें, साग–सब्जियाँ और दूध–दही से बनी चीजें भोजन का अहम हिस्सा होती हैं। मदरा, सेफु बड़ी, चने का खट्टा और पातरू जैसे व्यंजन यहाँ के खास स्वाद में गिने जाते हैं। त्योहारों और पारंपरिक आयोजनों में धाम का विशेष महत्व होता है, जो केले के पत्ते पर परोसी जाती है और इसमें कई प्रकार की दालें, सब्जियाँ और मिठाइयाँ शामिल होती हैं।
पझौटा क्षेत्र में लोग आज भी घर की बनी लोशियों, अचार और चटनी का सेवन करते हैं। लोक स्वाद के साथ–साथ सेहत का भी ध्यान रखा जाता है। यहाँ की अधिकतर रेसिपियाँ आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होती हैं, जैसे कि तुलसी, अदरक, लहसुन, और देशी घी का उपयोग।
सर्दियों में ऊर्जा देने वाले व्यंजन जैसे गोंद के लड्डू, सिड्डू और मेथी की मक्की रोटी प्रचलित हैं। दूध, मक्खन और देसी घी से बने व्यंजन न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि शरीर को मजबूती भी देते हैं।
आज के समय में जबकि फास्ट फूड का चलन बढ़ गया है, हिमाचली पारंपरिक भोजन हमें अपने जड़ों से जोड़ता है और एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करता है। यह खानपान सिरमौर की आत्मा का स्वाद है। सरल, शुद्ध और संतुलित।

## जंगल की चुप्पी

जंगल की चुप्पी
पेड़ों के बीच
जहाँ धूप भी धीरे चलती है,
मैंने एक हिरन को देखा
सांस रोक कर।
वहाँ शब्द नहीं थे,
सिर्फ चुप्पी थी,
जैसे पहाड़ कुछ कहना चाहता हो।

## सिरमौर के खेत

सिरमौर के खेत
धान उगे हर ओर में, हरियाली का गीत।
सिरमौर के इन खेत में, छुपा प्रकृति मीत
हल चलाए किसान जब, झुक के करे काम।
धरती माँ की गोद में, खिलता सच्चा धाम

## माँ की रसोई

माँ की रसोई
बसे चूल्हे की गरमी में
माँ के हाथों की रोटियाँ,
कभी फूली–सी उम्मीदें,
कभी प्याज के संग खटी चिंताएँ।
सर्दियों की सर्द हवा में
माँ की रसोई
एक मंदिर सी लगती है।

## मैं पझौता से हूँ

मैं पझौता से हूँ
मैं वहाँ से हूँ
जहाँ नदियाँ नाम से पहले बहती हैं।
जहाँ पेड़ किसी की छांव नहीं, पहचान होते हैं।
जहाँ घर के दरवाजे पर बैठकर
दोपहर खुद को भूल जाती है।
मैं पझौता से हूँ —
और ये मेरे चेहरे पर लिखा है।

## मेले के दिन

मेले के दिन
चूड़ी, बिंदिया, मीठा गुलाब,
मेले में आई सारी ख्वाब।
झूला झूले पिंकी–पारो,
हँसी बिखेरे चारों ओर।
दादी बोली, चलो भई घर,
पर दिल तो रह गया उधर।

## चूड़धार की चढ़ाई

चूड़धार की चढ़ाई
धड़कनों से तेज थी वो हवा,
जब चूड़धार की ओर कदम बढ़े।
घने बादल, पतली पगडंडी,
और आत्मा को छूती ऊँचाई।
हर पत्थर एक कथा,
हर साँस एक तपस्या।
चूड़धार तू केवल शिखर नहीं,
एक सफर है भीतर का।

## गुरु जी की कक्षा

गुरु जी की कक्षा
गुरु जी आए चश्मा पहन,
सवाल पूछे, हम सब सहन।
बोले कविता सुनाओ अब
मन में आया भगवान बचा अब!
रामू बोला नदी बहती,
गुरु जी बोले – कौन कहती?
हँसी छूट गई सबकी जोर,
गुरु जी बोले – कल फिर और!

## गिरी नदी से बात

गिरी नदी से बात
मैं क्यों बहती हो इतनी शांत?
गिरी क्योंकि मैंने बहुत कुछ देखा है।
मैं क्या कोई दुख भी?
गिरी पहाड़ों के आँसू ही तो मेरी शुरुआत हैं।
मैं और खुशियाँ?
गिरी बच्चों की किलकारी हर तट पर बजती है।
मैं तुम नदी नहीं, जीवन हो।
गिरी और तुम मेरे किनारे।

## बसंत आया है

पीले फूलों की चिठ्ठी आई,
हवा ने गुनगुनाकर सुनाई।
भौंरे बोले, मधुर स्वभाव,
हर टहनी में उठी हिलचाल।
पर्वत ने पगड़ी पहनी हरी,
बसंत आया हँसी बिखरी।

## मैं और मेरा गाँव

गाँव मेरा दूर बहुत है,
शहर की भीड़ में खो गया।
कभी कुएँ की बाल्टी,
अब बटन से पानी टपकता है।
माँ की पुकार अब मोबाइल में,
पर वो गले नहीं लगती।
पर वादा है
एक दिन लौटूँगा,
और फिर वहीं रहूँगा ।
जहाँ मेरा बचपन अब भी खेल रहा है।



सच है, विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं
काँटों में राह बनाते हैं!

# Pahadi Section

## आज काले रे छोटे रे हाल

आज काले रे छोटे रे होल, बताऊं ओसो बुरा हाल
पोतानी केरा–केरा नोश कोरो, हेरो गरेयो आपणी जीभ लाल
बड़िया–बड़िया लाओ सेंट, फिर चेंई बिल्कुल पेन्ट
छुटी के बोलो ओसो बोड़ी चीज, पेन्टो दी चेंई खोड़ी करीज
आज काले रे छोटे रे हाल खोड़े चेंई छोरो रे बाल
जे नी किए खोड़े बाल तो ओए जाओ बुरा हाल।
आजकाले रे नौजवान, नोशा कोरणा सामझो आपणी शान
नोशे कोरियो देखवी तीन्दरी चाल, मुओं से डासो चाय मारी री फाल
आज काले रे छोटे नोशे कोरणी रे शोकीन
नोशे कोरयो फेफड़े दे कोरो बीन।

हिना, बीए,
द्वितीय वर्ष

## म्हारी पहाड़ी संस्कृति और सभ्यता

म्हारे पहाड़ो री संस्कृति और सभ्यता रा पूरी दुनियै दी एक अलग पहचान ओसो। पहाड़ी खेल, पहनावा, नाच आज भी सोबी आपणी तरफ रिझाओ। मारे पहाड़ी पुरुषो रा पहनावा लोईया आज भी हर जगहे मशहूर ओसो।
ऐथे री महिलाओं रा पहनावा ढाठू ओसो। न केवल पहाड़ी संस्कृति रो झौलक प्रस्तुत कोरो बल्कि तिनों री सुन्दरता दे भी चार चांद लाओ। पहाड़ी नृत्य विशु आज भी आपणी विशेष शैली री बोजे पसंद किया जाओ। ऐ नृत्य बैशाखवी रे मीने दा नाचा जाओ। पहाड़ी खेल ठोडा भी एक आकर्षक ओसो। ऐ खेल शाठी और पाशी दोए दोलो बीचो खेला जाओ। ऐ दल कौरवा–पांडवो रे वंशज माने जाओ। ऐ खेल आज भी महाभारतो री यादो दा खेला जाओ। हमें बोली सभ्यता संस्कृति जीतव छाड़ी दी ओसो।

प्रिया, बीए,
द्वितीय वर्ष

## लेऊ की एकादशी

लेऊ एक गांव रो नाओ ओसो जेतो एक रूद्र महाराज जी रो प्रसि) मंदिर ओसो जेती एकादशी हर सालो लागो तेती एकादशी लागने दो पोले ग्यारहो दिनो दो पोले सदिवा जलाओ जोबे सदिवा जलाओ तो ढोल और नगारे बजाओ तोई रूद्र महाराजे जी रे नारे देओ तेन्दो बाद एकादशी लाओ एकादशी रे पोलके दिनो दो दुकाने लाओ जिन्दो छोटे–2 छोटु रो समान होओ और दुजे दिन तोई लाओ दुकाने जैसे चौमीन, समोसे, आईसक्रीमों सब खाणे क होओ। तोबे नाचो मनोरंजनो री तेई सिह तोई नाचो बाला जोस देखयो छोटी–छोटी छोटु खुश ओओ। सिटू तोई बाले खुश कोरने क तिनो दओ अखरोटो तोई पोइसे सारे देस बोरे नाचो तेती कुफरी री छोटी–छोटी छोटु तोबे सारे दिन बोरे सारे लोग एकादशी देखने रा मजा लो तेन्दो बाद जोबे सोद पोड़ने आऐ ओओ तोबे रूद्र महाराजो रे प्रसि) और प्राचीन पालगे लेओ जो दुई प्रकारो रे होओ एक सुने रे एक चांदी रे। दोनो पालगे गे कुखड़ी रे दाणे उालो और तोबे सारे माछ अपने घोरो री ओर चालो। तोबे सब मिठाइयां घोरो के नी जाओ और एकादशी समाप्त ओ जाओ।

प्रियांशु,
बीए, द्वितीय वर्ष

## बुजुर्गो री सीख

दिन और रात एक करो जी तोड़ और कमर तोड़
मेहनत करो चार पैसे कमाऊ था आपणे बच्चे रे
सुनहरे भविष्य री कामना करू था बेटे खे बड़ा
अफसर बणाणे री तमन्ना लिए मोए शीगो बेटी रे हाथ पीले किए
तब तेई जाथे की कमाई जिनी साए बेटे री भी
दुनिया बसाई जब आई बहु राणी करणे लगी से आनाकानी
नई देओ थी पाणी गर मोए कुछ काम न किया
इनी पाए बेटे भी माये एक दिन सवाल किया
ओ बोल थे माथे निकम्मा आउं घेरो दा निकाले दिया
गोआ बेटी रे घर तेती भी जवाइंए प्ढ़ दिए तेवर
माखे करने के काम दिया जब मेरे बुढ़े मांछा रे नई
करूआ तो तिने भी घरा दे निकाल दिया अब तु ही
बताओ इनी बुढ़ापे रा बोझ ले रो कियां जाउं
हामों आपणे बुजुर्गो, माएं, बाबे री सेवा कोरणे चेंई।

पायल, बीए,
द्वितीय वर्ष

## म्हारी संस्कृति

जैसे करी ली बात पनावे री
धााठू, रेजटा, सदरी
लोईया, किनौरी, कुल्लवी टोपी
सबी दी सजदी।
पहाड़ो रे सेबो रो त कहाणा का
से तो देश विदेशो दे बिकदे।
सीड़कू, खोबड़ू, पटांडे
पहाड़ो रा खाण–पाण
देड़ी, बीशु, देवठण
बांठड़ा री ओदी ए शान।?
पहाड़ो रा हिंव सबी लुंबा उदा
पाणी री कमी ओणे नी देंदा।
पहाड़ो रा नोखा नजारा
पहाड़ी रा माणु बांका।

शीतल, बीए,
द्वितीय वर्ष

## गुरु

गुरु शब्द ऐसा शब्द ओसो जु हामो दे प्रकाशो री ओर नी जाओ। एक कहावत ओसो के गुरु ओसो एक ऐरा चिराग जो आपू फुकियो देयो रेके खे प्रकाश। गुरु हामो समाजो दे रोणा सिखाओ। गुरु हामो समाजो दा अच्छा व्यवहार कोरणा सिखाओ। अनुशासन सिखाओ। मां–बापो दे बाद गुरु ही मारे जीवनो दी महत्वपूर्ण भूमिका निभाओ। हामों गुरु री सारी बातो मानणी चेंई। पर आजकालो रे छूटू गुरु रा मान–सम्मान नी कोरदे। हामो ऐरो नी कोरणो चेंई। कोई कि मारे भगवानो रे समान होओ जो हामो आच्छे शिक्षा देयो रो एक अच्छा आदमी बणाओ। हामों सोदा गुरु रा सम्मान कोरणा चेंई।

वन्दना हाब्बी,
बीए, द्वितीय वर्ष

## देश बोड़ो ऐ केरकेरव आगे

फर–फर अंग्रेजी बोलदे रो
हिन्दी बोलणे दे शरमाओ ए।
तो देश बोड़ो ऐ केरकेरव आगे।
गर्लफ्रेंडो गाए तो लिखे कविता खूब
पर देशो री हालतो गाए ए चुप्पी जाओ।
तो देश बोड़ो ए केरकेरव आगे।
आम्मे री दवाई भूली जाओ
हेरो साली रे जन्मदिनो खे भागे जाओ।
पुदीने रे चटणी दो मुंह फेरो
सॉस टौमेटो रा ही मांगों
तो देश बोड़ो ए केरकेरव आगे।
फ्रेंडशिप बैंड बाएं दो चिपकाए राखो
राखी खे बोलो ऐ कच्चे धागे।
तो देश बोड़ो ए केरकेरव आगे।
पूजे पाणे दे दूरके रोए
नाहियां लाओ डियो तेरया ए
तो देश बोड़ो ए केरकेश आगे।

अक्षय कुमार,
बीए, द्वितीय वर्ष

## देरवो भाइयो इनो छोटी रे हाल

देरवो भाइयो इनो छोटी रे हाल
आरवी काई रो होठ कोरी राखे लाल
आज काले री छोटी रे होई गोए बुरे हाल।
हाथो दो फोन रो खुले छाड़ी राखे बाल
खुली पेंटो पेहनो रो हाथो दो रुमाल।
आज काले री छोटी रे होई गोए बुरे हाल।
घोरे नी कोरदी काम रो इंस्टा दा रो धयान
सिगरेटो पीयो इन्दरे होई गोए बेहाल
आज काले री छोटी रे होई गोए बुरे हाल।
जे देरवी इन्दरे नोखरे तो क्या ही कमाल
ऊंचे सेन्डलो पाइयो आपु खे बोणो बड़ी महान
आज काले री छोटी रे होई गोए बुरे हाल।
जोबे चालो कॉलेजो के तो फोनो दा रो ध्यान
हाथो दी इन्दरे स्टिंग रो एक हाथो दो कुरकुरे रो पान
आज काले री छोटी रे होई गोए बुरे हाल।

अश्वनी कुमार,
बीए, प्रथम वर्ष

## मेरे गांवों री धारो दे बारे दो

मेरे गांवों रो नाव पभेच ओसो पभेचो री सभी ऊंची धाार कड़ीटी धाार असो तेतो छोटे जेओ मंदिर ओसो जो हद प्रसि) ओसो जो मारे गांवों रे माछो रे मोशे ओसो से कड़ोटी धार री हाशी ओसो। बीशो गोते मारे गांव रे माछ तोई तेते दूरो–दूरो रे माछ आवो। बीशो गोते तेते बाकरे का काटो। कड़ोटी धारो हद बड़िया नजारा ओसो तेता एक ताल ओसो। जो हद बड़ा ओसो। तेते हद

बोड़े – बोड़े पेड़ ओसो।
कड़ोटीधार पभेचो रे सभी दो ऊंची धाार ओसो।

राहुल, बीए,
प्रथम वर्ष

## मोबाइल फोन

नोए – नोए एने फैशन चाले नोए – नोए स्टाइल
सोबे ऐनी रे दिवाने बोणे सोबे होए घायल
छेडू छोटू नोइए बूढ़े सोबे बोणे ऐरे जाइल
सोबिए राखो एबे हाथो दो मोबाइल
छोटू रे तो होए एनिय माड़े हाल
कताब खोलणे बादो दे पाइले मारने मिस्ड कॉल
मास्टर भी चाले इनीए बाट
पोईले देखो मोबाइल तोबे पढ़ाओ पाठ।

हिना, बीए,
द्वितीय वर्ष

## मेरे गांवों रे बारे दो

मेरे गांवों रो नाओ कुफर ओसो
और मेरे गांवों छोटा जेया ओसो।
तेती हद सारी मन्दिरो ओसो
मेरे गांवों रे बीचो दो सबसे बड़ो
भरती नाने रो मन्दिर सबसे प्रसिद्ध ओसो।
जोबे दवेई होओ तो मारे दवेई रे कुछ दिनो बाद तीन दिनों ताईने सिटु नाचो ओसो।
मेरे गांवां री सैरी दो पटमुई माते रो मन्दिर ओसो
और तेनी तोबे पूजो ओसो जोबे ठोडे खेलदे डोओ ओसो।
और तोई मेरे गांवो पाछे दुर्गा माते रो मन्दिर ओसो।
और अष्टमी रे देस पांच, छः गांवों रे माछ आओ ओसो
और दुर्गा माते क कड़ाऐ बाओ ओसो।
मेरे गांवों दो चूड़धार भी देखियो ओसो
ओर तेथुओ चउ कनारे गांवों देखियो ओसो
मेरे गांवों रा नजारा हद बांठिया ओसो।


दीपिका ठाकुर,
बीए, प्रथम वर्ष


## मेरे आमा – बाबा

मारी जिन्दगी दे सबीदे अनमोल आमा – बाबा ओसो। और से मारी जिन्दगी दे तोफ नोरे ओसो। और आमे – बाबे दो मोएंगे कुछ ना ओंदो। आमे – बाबे दो घाठे मारी जिन्दगी रा कुछ मतलब ना ऐथी जे ठाउकुरो दो बाद दूजे जागा आमे – बाबे ओसो। हामे आपणे आमे – बाबे दो बगेर कुछ भी ना ओसो। तिनो दो घाठे हामे कुछ बिना ना कर सकदे ओसो। हामे आमे – बाबे इस दोरती गाये लेई तोई का चेंई हामो।

मारे आमा – बाबा हामो माठडे दो जोढ़ बोड़े ताई पाओ ओसो। मोरे आमा – बाबे रे हामो हद पेरी होओ ओसो। चाहे हामे जेले बी बोणी होओ हामे आपणी आमे – बाबे क माठड़ी ही रोओ ओसो। मारे आमा – बाबा मारे बारे दो हद बढ़िया सोचो ओसो। ओ आपणी आमे – बाबे दो हद प्यार करू असु।

दीपिका ठाकुर,
बीए, प्रथम वर्ष



# Chronicle Section

**Mentor Mentee Program:**

Government Degree College, Pajhota has initiated a Mentor-Mentee Program in November 2023. The college has been following this activity every year to support the holistic growth and development of its students. The program aims to create a nurturing environment by pairing students (mentees) with experienced faculty (mentors) to provide personalized guidance, support, and encouragement. Different groups are made which are taught by different teachers.

**Date: 28 July, 2024**

Event: Distribution Camp for Aids and Appliances to Divyangjans

Organised by: NSS Unit & Youth Media Club, GDC Pajhota (in collaboration with Dhamla)

Brief:

A one-day camp was organised at village Chandel for distributing aids to 49 differently-abled beneficiaries. Items distributed included wheelchairs, tricycles, hearing aids, walking sticks, artificial limbs, and crutches.The selection was done as per official survey and SDM guidelines.

**Date: 5–9 August, 2024**

Event: Training Camp on Ornamental Nursery and Bonsai Making

Organised by: Regional Horticulture Research & Training Centre, Mashobra

Brief:

A five-day training camp on "Ornamental Nursery and Pot Production/Bonsai Making for Sustainable Livelihood" was held at Mashobra. Two NSS volunteers from GDC Pajhota actively participated and gained valuable skills for livelihood development.

**Date: 12–15 August, 2024**

Event:"Har Ghar Tiranga" Campaign

Organised by: NSS Unit, GDC Pajhota & Nehru Yuva Kendra, Nahan

Brief:

To promote patriotism among students and villagers, the "Har Ghar Tiranga" campaign was conducted in various villages of Pajhota from 12 to 15 August. Several activities were organised as part of the campaign.

**Date: 12 September, 2024**

Event: "Ek Ped Maa Ke Naam" Campaign

Organised by: NSS Unit, Youth Media Club, GDC Pajhota, Dhamla & Nehru Yuva Kendra, Nahan

Brief: Under the joint supervision of various groups, the campaign "Ek Ped Maa Ke Naam" was observed in the Pajhota region on 12 September. Prof. Prakash Sharma addressed the volunteers, highlighting the aim of tree plantation in honour of mothers and environmental conservation.

**Date: 16th September 2024**

Organized by: Eco Club

Brief: To celebrate World Ozone Day, the Eco Club organized a program that included poster making, slogan writing, and collage making competitions. The principal of the college, Dr. Shivani Sharma, was the chief guest. The theme for this year's World Ozone Day was "Ozone for Life." The event also included a screening of a documentary titled "The Ozone Layer - Save Ozone, Save Earth," and the principal spoke to students about adopting eco-friendly practices in their daily lives to protect the environment.

**Date: 26th September, 2024**

Organised by: Women Empowerment Cell

Brief: Mehandi and Rangoli competitions were organised to raise awareness about women's rights and empowerment. Principal Dr. Shivani Sharma was the chief guest, and Assistant Professor Asha Rani coordinated the event. Judges were Prof. Saurabh Thakur and Prof.Aniket Sharma.

**Date: 7th October, 2024**

Event: Debate Competition

Organized by: Eco Club and The Electoral Literacy Club

Brief: To celebrate Gandhi Jayanti week, a group debate on the New Education Policy 2020 was held at the college. The event was presided over by Principal Dr. Shivani Sharma. Assistant Professor of History, Prakash Sharma also addressed the students. The program was successfully managed by the nodal officer of the Electoral Literacy Club, Prof. Vijender Singh, and the convener of the Eco Club, Prof. Asha Rani.

**Date: 19th October, 2024**

Event: CSCA Oath Ceremony

Brief: The College Students Central Association (CSCA) for the academic session 2024–25 was constituted after verifying the merit of B.A. 1st, 2nd, and 3rd year students based on their marks in 10+2, 1st year, and 2nd year respectively. The oath ceremony was also conducted on 19th October, 2024.

**Date: 23–27 October, 2024**

Event: Training Camp on "Ornamental Nursery & Bonsai Making"

Organised by: Regional Horticulture Research & Training Centre, Mashobra (Shimla) under Dr. Y.S. Parmar University of Horticulture and Forestry, Nauni (Solan)

Brief: A five-day training programme on ornamental nursery, pot production, and bonsai making was organised. NSS volunteers from Govt. College Pajhota actively participated and received practical knowledge to promote sustainable livelihoods.

**Date: 24th October, 2024**

Event: Reading and Poetry Recitation Competition

Organised by: The Department of English

Brief: The college organized a Reading and Poetry Recitation Competition in the English language. The event was organized by Prof. Saurabh Thakur and the performances were judged by Prof. Prakash Sharma and Prof. Vijyender Singh. A large number of students participated in the competition.

**Date: 25–27 October, 2024**

Event: Drug De-addiction Awareness Campaign

Organised by: NSS Unit, Govt. College Pajhota in collaboration with Nehru Yuva Kendra, Nahan

Brief: A three-day awareness campaign was conducted in various villages of Pajhota region to educate people about the harmful effects of alcohol, tobacco, and drugs. NSS volunteers visited door-to-door and distributed pamphlets highlighting the consequences of substance abuse.

**Date: 28–30 October, 2024**

Event: Ye Diwali, Maai Bharat Wali

Organised by: NSS Unit, Govt. College Pajhota; Youth Media Club, Dhamla; Nehru Yuva Kendra, Nahan

Brief: As part of the Diwali campaign, volunteers carried out cleanliness drives at primary health centres in Dhamla and Shilabaag on 28–29 October. The event focused on promoting hygiene and public awareness during festive times.

**Date: 26 November, 2024**

Event: Constitution Day

Organised by: Department of Political Science, Department of History & NSS Unit

Brief:

Constitution Day was celebrated with great enthusiasm at Government Degree College, Pajhota. Various competitions were organised on the theme of Constitution Day under the joint supervision of the Political Science and History Departments along with the NSS Unit.

**Date: 3–4 December, 2024**

Event: Training Camp Participation

Organised by: Forest Products Department, Dr. Yashwant Singh Parmar University of Horticulture and Forestry, Nauni (Solan), in collaboration with the State Medicinal Plant Board, Himachal Pradesh

Brief: A two-day training programme on "Production and Processing of Medicinal and Aromatic Plants" was held at Dr. Yashwant Singh Parmar University, Nauni. NSS volunteers from Govt. College Pajhota participated in the camp, where they received detailed information on the cultivation and processing of various medicinal plants.

**Date: December 5-6, 2024**

Event: District Level Youth Festival "Utthan Kusum"-2024

Organised by: Government Degree College, Pajhota and Nehru Yuva Kendra, Nahan.

Brief: A two-day district-level youth festival was organized at the Mansingh Kala Kendra in the village of Jalag, Pajhota. The festival included various inter-college and intra-college competitions in which 10 colleges, and 11 senior secondary schools of Sirmaur district participated.

**Date: 10 December, 2024**

Event: World Human Rights Day

Organised by: Departments of Political Science, History, and NSS Unit, Govt. College Pajhota

Brief: To raise awareness among students about

human rights, an online lecture was organised on the topic "Relooking 'Universality' of Human Rights". Dr. Bharti Sharma, Assistant Professor of Political Science at Graphic Era (Deemed to be University), was the keynote speaker. She discussed the concept of universality in human rights and the associated debates, highlighting its cultural and political dimensions.

**Date: 11 December, 2024**

Event: Bharatiya Bhasha Utsav
Organised by: Department of History and NSS Unit, Govt. College Pajhota
Brief:
A lecture was organised to celebrate Bharatiya Bhasha Utsav and promote awareness of Indian languages. Prof. Prakash Sharma spoke on the life and contributions of Tamil poet Subramania Bharati, marking his birth anniversary and role in the Indian freedom movement.

**Date: 21–27 December, 2024**

Event: National Integration Camp
Organised by: Ministry of Youth Affairs and Sports, Govt. of India; NSS Regional Directorate, Bhopal (MP & Chhattisgarh)
Brief: A National Integration Camp was held at Lakshmibai National Institute of Physical Education, Gwalior, on the theme "Mera Yuva Bharat – Viksit Bharat @2047". The camp featured cultural and literary activities such as folk dance, patriotic songs, and creative arts. Kashish, NSS volunteers from Govt. College Pajhota, represented the college in this national-level event.

**Date: 26 December, 2024**

Event: Road Safety Rally
Organised by: Road Safety Club, GDC Pajhota
Brief: A road safety awareness rally was organised under the leadership of Prof. Vijender Singh. Students marched from the village to Shalech Kenchi, informing drivers about traffic rules and safety. Awareness pamphlets were distributed, and three related competitions were also held in the college.

Date: December 30, 2024 to January 3, 2025
Event: Participation in Border Area Youth Exchange Programme
Organised by: Nehru Yuva Kendra, Chandigarh, under the auspices of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
Brief: A "Border Area Youth Exchange Programme" was held at the Centre for Rural and Industrial Development, Chandigarh. 25 selected youths from five states (Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Uttarakhand, and Rajasthan) participated. The state of Himachal Pradesh was represented by 5 NSS volunteers from Government College, Pajhota.

**Date: January 22, 2025**

Event: Blood Donation Camp
Organised by: NSS Unit, Government College, Pajhota, and Youth Media Club, Dhamla.
Brief: A blood donation camp was organised at the Primary Health Centre in the village of Dhamla, within the Pajhota area.

**Date: January 25, 2025**

Event: Program on Road Safety
Organised by: NSS Unit, Road Safety Club, Government College, Pajhota, and Police Post, Shillabag.
Brief: An awareness program on road safety was organised in Shillabag. SHO Brajesh Kumar and Harendra Singh spoke about traffic rules and laws. NSS and Road Safety Club volunteers held a rally and distributed road safety pamphlets to drivers.

**Date: January 28 to February 1, 2025**

Event: Participation in "Inter-District Youth Exchange Program"
Organised by: Nehru Yuva Kendra, Dharamshala (Himachal Pradesh), under the auspices of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
Brief: An "Inter-District Youth Exchange Program" was organised in Dharamshala. 25 selected youths from the Sirmaur district of Himachal Pradesh participated in this program, including 2 NSS volunteers from Government Degree College, Pajhota.

**Date: February 3–7, 2025**

Event: Participation in "Inter-District Youth Exchange Program"
Organised by: Nehru Yuva Kendra, Nahan, under the auspices of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
Brief: An "Inter-District Youth Exchange Program"

was organised at Nahan, the headquarters of the Sirmaur district. A total of 25 selected youths from the Sirmaur and Kangra districts participated in this program, including 4 NSS volunteers from Government College, Pajhota.

**Date: February 5-11, 2025**

Event: Participation in National Integration Camp
Organised by: Regional Directorate of the National Service Scheme, Chandigarh.
Brief: A National Integration Camp was held at Chandigarh University, Mohali, with the theme "Mera Yuva Bharat-Sashakt Bharat-Viksit Bharat @2047." The camp featured cultural, creative, and literary activities. Anjali Verma, a volunteer from the college's NSS Unit, participated.

**Date: February 15-21, 2025**

Event: Participation in National Integration Camp
Organised by: Regional Directorate of the National Service Scheme, Thiruvananthapuram, Kerala, under the auspices of the Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
Brief: A National Integration Camp was held at Lead College of Management, Dhoni, Calicut University. The camp was based on cultural and folk art, as well as creative and literary activities. Kashish, a volunteer from the NSS Unit of the college, participated actively.

**Date: 25 February, 2025**


Event: Essay Writing Competition
Organised by: Road Safety Club, GDC Pajhota
Brief: An essay writing competition on road safety awareness was organised by the Road Safety Club. Students participated actively and results were later announced.


**Date: March 2-8, 2025**

Event: Seven-Day National Service Scheme (NSS) Camp
Organised by: NSS Unit, Government College, Pajhota
Brief: A seven-day residential NSS camp was held in the village of Chandol. The camp focused on the all-round development of students through various activities. The camp was inaugurated on March 2, 2025, by the college's principal, Dr. Shivani Sharma. She addressed the students, highlighting the importance of the new education policy and expressing hope that the camp would contribute to the holistic development of students and promote rural sanitation.

**Date: 10th March, 2025**

Organised by: Women Empowerment Cell
Brief: On the occasion of International Women's Day, various competitions were held on campus to raise awareness about the significance of the day. Events included Poster Making, Slogan Writing, and Declamation, with active student participation.



# Photo Gallery

# *District Level Youth Festival*





















# Annual Prize Distribution Function










# Inspections in College











# Annual Athletic Meet










# Road Safety Club Activities












# NSS Activities




















# CSCA Oath Ceremony






# Women's Day Celebrations







# Red Ribbon Club







# Electoral Literacy And Eco Club Activities






# Blood Donation Camp

















# Visit to Schools for Orientation of +2 Pass Students





# *Students Visit / Participation*




















## Students Visit / Participation









## Feliciation Ceremony of Dr Joginder Habbi









# Wings Beyond Borders



**Kashish Thakur**
Represented Himachal Pradesh in NSS National Integration Camps at Gwalior, Madya Pradesh and Thiruvanantpuram, Kerla and Border Area YouthExchange Programme at Chandigarh



**Anjali Verma**
Represented Himachal Pradesh in NSS National Integration Camps at Chandigarh and Border Area Youth Exchange Programme at Chandigarh, Secured Third Position in Science Model (Individual) Competition in District Level Youth Festival at Jalag, Pajhota, Sirmaur



**Anjali Bala**
Represented Himachal Pradesh in Border Area Youth Exchange Programme at Chandigarh



**Nitika kashyap**
Represented Himachal Pradesh in Border Area Youth Exchange Programme at Chandigarh



**Neeraj**
Represented Himachal Pradesh in Border Area Youth Exchange Programme at Chandigarh



**Ashu Ashwani Kumar**
Represented District Sirmaur in Inter-District Youth Exchange Programme at Dharamshala

# Wings Beyond Borders



**Rahul**
**Participated in Inter-District Youth Exchange Programme at Dharamshala**



**Nitin Kumar**
**Participated in Inter-District Youth Exchange Programme at Nahan**



**Aniket Singh**
**Participated in Inter-District Youth Exchange Programme at Nahan**



**Rishabh**
**Participated in Inter District Youth Exchange Programme at Nahan**



**Rahul**
**Participated in Inter-District Youth Exchange Programme at Nahan**



**Rajni Thakur**
**Secured Second Position in District Level Poetry Writing Competition at Nahan**



**Anjana**
**Secured Third Position in Quiz Competiton in District Level Youth Festival at Jalag, Pajhota, Sirmaur**




**Dhigaj**
**Secured Third Position in Quiz Competiton in District Level Youth Festival at Jalag, Pajhota, Sirmaur**

# BEST VOLUNTEERS


Sakshi Verma
(BA-3)


Sapna
(BA-3)


Muskan Attri
(BA-3)


Rishi Raj
(BA 3 )


Ankush
(BA-3)


Meena Kumari
(BA-3)


Puran Chand
(BA-3)


Sakshi Kumari
(BA-3)


Kajal Thakur
(BA-3)



Anjali Verma
(BA-3)


Payal Verma
(BA-2)


Neha Chauhan
(BA-2)


Gunjan Sharma
BA-1


Tripta BA-3


Anchal Thakur
BA-1


Gaurav Verma
(BA-1)


Gunjan Thakur
(BA-1)


Hina
BA-2


Deepika
BA-1


Payal
BA-2

# COLLEGE STAFF

## PRINCIPAL WITH TEACHING FACULTY



## PRINCIPAL WITH  NON-TEACHING FACULTY





गांधी जी का जंतरतुम्हें एक जंतर देता हूँ। जब भी तुम्हें संदेह हो यातुम्हारा अहम तुम पर हावी होने लगे, तो यहकसौटी आज़माओ :जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमनेदेखा हो, उसकी शक्ल याद करो और अपनेदिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचारकर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितनाउपयोगी होगा। क्या उससे उसे कुछ लाभ पहुँचेगा?क्या उससे वह अपने ही जीवन और भाग्य परकुछ काबू रख सकेगा? यानी क्या उससे उनकरोड़ों लोगों को स्वराज्य मिल सकेगा, जिनकेपेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है?तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहाहै और अहं समाप्त होता जा रहा है।

मोहनदास करमचंद गांधी